# महिला रेंजर की पहल से बदली तस्वीर, बिना करोड़ों खर्च के किया कमाल

- पहाड़ का पानी रोककर 5 हेक्टेयर तालाब हो गया तैयार
- सिर्फ 3 लाख में की जलक्रांति, अब सालभर रहेगा तालाब लबालब
- पांच हजार ग्रामीणों को मिली राहत




नव भारत न्यूज

**इंदौर. पहाड़ से बहकर हर साल बेकार जाने वाले पानी को रोककर ( नेहरुवन ग्राम ) में 5 हेक्टेयर का विशाल तालाब तैयार किया है. वन विभाग की महिला फॉरेस्ट रेंजर की पहल और ग्रामीणों के श्रमदान से महज तीन लाख रुपए में बने इस जल संरचना से करीब पांच हजार ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है, वहीं गांव का जलस्तर भी उल्लेखनीय रूप से बढ़ा है.**

जहां जल संरक्षण के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं, वहीं इंदौर के (नेहरुवन ग्राम) में बिना बड़े बजट के ऐसा मॉडल खड़ा हुआ है, जो प्रशासनिक सूझबूझ और जनसहभागिता की मिसाल बन गया है.

वन विभाग की फॉरेस्ट रेंजर संगीता ठाकुर और ग्रामीणों के श्रमदान से पहाड़ से बहने वाले पानी को रोककर 5 हेक्टेयर का विशाल तालाब तैयार किया है, जिससे लाखों रुपए की बचत हुई है. दरअसल, इंदौर रेंज जॉइन करने के बाद संगीता ठाकुर ने 2025 में क्षेत्र का दौरा किया. इस दौरान (नेहरुवन ग्राम) के पास स्थित कुर्बान पहाड़ के नीचे करीब 5 हेक्टेयर वन भूमि पर प्राकृतिक जल प्रवाह की स्थिति देखी. बारिश में पहाड़ से बहकर आने वाला पानी बिना रुके आगे निकल जाता था. स्थिति को समझते हुए उन्होंने ग्रामीणों और किसानों से संवाद किया और श्रमदान के जरिए पानी रोकने की योजना बनाई. ग्रामीणों ने भी पहल को हाथों-हाथ लिया. प्राकृतिक गड्ढों को आपस में जोड़कर और पाल बनाकर पानी रोकने का काम शुरू हुआ.



### गांव का जल स्तर बढ़ा, खेती के लिए भी मिल रहा पानी

बेहद सीमित संसाधनों में यह काम पूरा किया और महज करीब 3 लाख रुपए की लागत में 5 हेक्टेयर का तालाब तैयार हो गया. इसका परिणाम अब सामने है. पिछले मानसून में भरा पानी आज भी तालाब में लबालब है. इससे गांव का जलस्तर बढ़ा है, वहीं गर्मियों में भी पशुओं और खेती के लिए पानी उपलब्ध हो रहा है. यह पहल दिखाती है कि सही योजना, स्थानीय समझ और लोगों की भागीदारी से बिना बड़े बजट के भी जल संरक्षण के बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं.

# मानसिक तनाव से परेशान महिला ने जहर खाकर की आत्महत्या

**इंदौर.** गांधी नगर थाना क्षेत्र में एक 55 वर्षीय महिला द्वारा जहर खाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है. घटना के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

गांधी नगर थाना प्रभारी अनिल यादव ने बताया कि मृतका की पहचान सावित्री पति मांगीलाल, निवासी गांधी नगर के रूप में हुई है. प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि वह लंबे समय से मानसिक तनाव और डिप्रेशन से गुजर रही थीं. परिजनों ने पुलिस को बताया कि बच्चों की शादी समय पर नहीं हो पाने की चिंता को लेकर वह काफी परेशान रहती थीं और अक्सर गुमसुम रहती थीं. इसी मानसिक दबाव के चलते उन्होंने जहरीला पदार्थ खा लिया. हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई. पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है. फिलहाल गांधी नगर थाने में पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों के बयान दर्ज कर मामले की विस्तृत जांच कर रही है, ताकि आत्महत्या के कारणों की पुष्टि हो सके.

## ऑटो में सोए युवक की संदिग्ध हालत में मौत

**इंदौर.** बाणगंगा थाना क्षेत्र के शुक्ला नगर में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है. युवक रात में घर के बाहर खड़े ऑटो में सोने गया था, लेकिन सुबह वह मृत अवस्था में मिला. थाना प्रभारी सियाराम गुर्जर ने बताया कि मृतक की पहचान संजय पिता महादेव (35), निवासी शुक्ला नगर के रूप में हुई है. परिजनों का कहना है कि संजय रोज की तरह रात में घर के बाहर खड़े ऑटो में सोने चला गया था. सुबह काफी देर तक कोई हलचल नहीं होने पर परिजनों को संदेह हुआ. पास जाकर देखने पर वह अचेत अवस्था में पड़ा मिला. इसके बाद उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. प्रारंभिक तौर पर मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है. मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है. रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा.

## एक नजर में

### गवली पलासिया में गणगौर उत्सव का दूसरा दिन



**महू.** गवली पलासिया में आयोजित क्षेत्र के सबसे बड़े गणगौर महोत्सव में दूसरे दिन भी 100 गणगौर प्रतिमाओं का विशाल चल समारोह निकाला गया. स्वामी परिवार और पटेल परिवार दूसरे दिन के यजमान बने. सभी प्रतिमाओं का विधि विधान से पूजन अर्चन राजेश अन्नपूर्णा स्वामी, मनोज अन्नपूर्णा स्वामी और दिनेश संगीता पटेल द्वारा किया गया. मां अंबिका पाटीदार समाज परिसर से प्रारंभ हुआ यह विशाल चल समारोह बिलेश्वर महादेव, तेली गली, बाजार चौक, कन्या शाला चौराहा, पटेल गली, हनुमानिया, कोलुबाड़ से होते हुए पुनः मां अंबिका पाटीदार समाज परिसर पहुंचा. चल समारोह में यजमान परिवार के दिनेश, विपुल, प्रदीप, विनोद, शुभम, हर्ष, आनंद, रोहित, जितेंद्र, लखन अनु, अन्नपूर्णा, संगीता, दुर्गा, सौम्या, किंजल, रानी, सुनीता और परिवारजन ने गणगौर प्रतिमाओं को सिर पर धारण कर चल रहे थे, वहीं युवक, युवतियां और महिलाएं गणगौर गीतों पर नृत्य करते हुए चल रहे थे. चल समारोह के वापस मां अंबिका पाटीदार समाज परिसर पहुंचने पर माता गणगौर की पूजा-अर्चना पश्चात चल समारोह का समापन हुआ. इसके पश्चात परिसर में दोनों यजमान परिवारों द्वारा उत्सव में शामिल सभी लोगों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई. इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की.

### खूब सराही गईं राष्ट्रभक्ति व लव जिहाद आधारित कविताएं



**महू.** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष आयोजित किया जाने वाला रामोत्सव अखिल भारतीय कवि सम्मेलन स्थानीय कनाट रोड चौराहे पर तालियों की गड़गड़ाहट और जय श्रीराम के गगनभेदी जयकारों के साथ रात्रि 2 बजे तक चलता रहा. इस दौरान कवियों द्वारा पेश की गईं राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत और लव जिहाद आधारित कविताओं को जमकर सराहना मिली. कार्यक्रम संयोजक एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश यादव ने बताया कि युवा राष्ट्र संगठन के तत्वावधान में आयोजित रामोत्सव अभा कवि सम्मेलन प्रभु श्रीराम एवं मां नवदुर्गा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ. कार्यक्रम में विधायक उषा ठाकुर प्रारंभ से लेकर समापन तक विशेष रूप से उपस्थित रहीं. कार्यक्रम में राम उत्सव को लेकर काव्य पाठ में राष्ट्रीय कवि राकेश दांगी द्वारा प्रभु श्रीराम के जन्म से लेकर लंका दहन के अंश का वर्णन बहुत ही सटीक तरीके से प्रस्तुत किया गया. कवि मुकेश मोलवा द्वारा संघ शताब्दी वर्ष से रामचरित्र वर्णन जन्म से लेकर लंका दहन के अंश की बहुत ही सटीक तरीके से प्रस्तुति की गई. इस पर श्रोताओं ने खूब तालियां बजाकर और गगनभेदी जय श्रीराम के जयकारों के साथ उनका समर्थन किया. राजस्थान से आए वीर सम्राट कवि अशोक चारण, हास्य कवि राजेश लोटपोट, लखनऊ की कवित्री प्रीति पांडे, भोपाल से आए दीपक शुक्ला दनादन ने भी अपनी कविताओं से खूब दाद बटोरी. संचालन डॉ. राजेश पाटीदार ने किया. आभार महेश यादव ने माना. कार्यक्रम में कई स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित थे.

### 1.60 लाख की ब्राउन शुगर के साथ दो धराए



**इंदौर.** मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को 1.60 लाख की ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है. पुलिस ने ड्रग्स जब्त कर एनडीएपीएस एक्त के तहत मामला दर्ज किया है. आजाद नगर थाना प्रभारी लोकेश भदौरिया ने बताया कि पुलिस ने अभिषेक उर्फ मन्नी (20) पिता शेखर कटारे और मुकद्दर उर्फ खरबू (36) पिता प्रकाश उर्फ नाना भील, दोनों निवासी भील कॉलोनी मूसाखेड़ी को गिरफ्तार किया. दोनों आरोपियों को बायपास रोड स्थित सियागंज गृह निर्माण संस्था की खाली कॉलोनी से पकड़ा. इनके कब्जे से करीब 1 लाख 60 हजार रुपए कीमत की ब्राउन शुगर बरामद की गई.

### सब्जी मंडी में दुकानदार से की मारपीट

**इंदौर.** जूनी इंदौर थाना क्षेत्र स्थित सिंधी कॉलोनी सब्जी मंडी में एक दुकानदार के साथ गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. थाना प्रभारी अनिल गुप्ता ने बताया कि फरियादी विशनदास (62) पिता अर्जुनदास उदासी निवासी 85/1 बीके सिंधी कॉलोनी इंदौर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है. फरियादी ने बताया कि रविवार 22 मार्च को वह अपनी जूस की दुकान पर मौजूद था. इसी दौरान निखिल उर्फ नितेश थारानी निवासी वीर सावरकर नगर उसकी दुकान के सामने खड़ा हो गया, जिसे हटने के लिए कहा गया. इसके बाद दोपहर करीब 3:30 बजे जब फरियादी सब्जी मंडी स्थित सुलभ कॉम्प्लेक्स के शौचालय गया, वहां आरोपी मिला और गाली-गलौज करने लगा. विरोध करने पर आरोपी ने फरियादी के साथ लात-घूंसों से मारपीट की, जिससे उसके दाहिने हाथ और सीने में चोट आई. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# आरटीओ ऑफिस को गैस बम से उड़ाने की धमकी

- ई-मेल मिलते ही मचा हड़कंप, जांच में फर्जी निकली धमकी

**इंदौर.** आरटीओ कार्यालय को साइनाइड गैस बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल मिलने के बाद सोमवार को आरटीओ ऑफिस में हड़कंप मच गया. सूचना मिलते ही पुलिस और बम स्क्वॉड की टीम मौके पर पहुंची और पूरे परिसर की सघन तलाशी ली.

प्रारंभिक जांच में यह धमकी फर्जी पाई गई, जिसके बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली. हालांकि सुरक्षा के मद्देनजर पूरे क्षेत्र को कुछ समय के लिए अलर्ट मोड पर रखा गया और आने-जाने वालों की जांच की गई. पुलिस अधिकारियों के मुताबिक ई-मेल के जरिए आरटीओ कार्यालय को निशाना बनाने की धमकी दी गई थी, जिसमें साइनाइड गैस बम का उल्लेख किया था. सूचना मिलते ही तत्काल बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉड और स्थानीय पुलिस बल मौके पर पहुंचा और हर एंगल से जांच की. जांच के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिलने पर इसे फर्जी सूचना माना गया. फिलहाल, पुलिस ई-मेल भेजने वाले की पहचान करने में जुटी है और साइबर सेल की मदद से मामले की जांच की जा रही है..

# गैरेज में लगी आग ने चार दुकानों को लिया चपेट में

- चोइथराम अस्पताल से थी महज 5-6 फीट की दूरी
- 6 कार और एक ई-रिक्शा जलकर हुए खाक
- फायर फाइटरों ने 66 हजार लीटर पानी से पाया काबू



नव भारत न्यूज

**इंदौर.** चोइथराम अस्पताल के पास लेकपार्क कॉलोनी में सोमवार सुबह एक गैरेज में लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया. तेजी से फैली इस आग ने चार दुकानों को भी चपेट में ले लिया. वहीं इस आग में 6 कार और एक ई-रिक्शा जलकर खाक हो गए. दमकल की टीम ने 66 हजार लीटर पानी डालकर और कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया और बड़ा हादसा टाल दिया. क्योंकि यह आग अस्पताल से महज 5-6 फीट की दूरी पर लगी थी. यदि आग पर समय रहते काबू नहीं पाया जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था.

फायर ब्रिगेड के एसआई संतोष दुबे ने बताया कि आग की सूचना सुबह 10.25 बजे मिली थी, मौके पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. आग की शुरुआत एक ऑटो डीलिंग गैरेज से हुई, जहां खड़ी गाड़ियां आग की चपेट में आ गईं और देखते ही देखते लपटें आसपास की दुकानों तक पहुंच गईं. आग से सिद्धिक पिता अब्दुल मजीद, धीरज पिता ईश्वर, मो. इरफान और मो. हुसैन की दुकानें प्रभावित हुईं. घटना के दौरान क्षेत्र में घना धुआं फैल गया, जिससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया था. गैरेज अस्पताल की दीवार से सटा हुआ था, ऐसे में अस्पताल प्रबंधन ने शुरुआती प्रयास में पानी डालकर आग को रोकने की कोशिश की. बाद में दमकल टीम ने आग को अन्य शेड तक फैलने से रोक लिया. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गैरेज में रखे कलर स्प्रे और अन्य ज्वलनशील केमिकल्स के कारण आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया था.

# एक लाख रुपए की अफीम के साथ बीटेक का छात्र पकड़ाया

**इंदौर. जूनी इंदौर पुलिस ने रेलवे पटरी के पास से एक इंजीनियरिंग छात्र को अफीम के साथ गिरफ्तार किया है. आरोपी के कब्जे से करीब एक लाख रुपए कीमत की अफीम जब्त की गई है. मामले में पुलिस अब सप्लाई नेटवर्क और खरीददारों की तलाश में जुटी है.**



एसीपी विजय चौधरी ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक अफीम लेकर क्षेत्र में घूम रहा है. सूचना के आधार पर टीम ने जॉनसन आइसक्रीम फैक्ट्री के पीछे रेलवे पटरी किनारे घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को पकड़ा. तलाशी लेने पर उसके पास से 518 ग्राम अफीम बरामद हुई. पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम गोविंद पाटीदार पिता बगदीराम, निवासी ग्राम सेमली जागीर, तहसील मनासा जिला नीमच बताया. वर्तमान में वह इंदौर के तेजाजी नगर स्थित जोशी कॉलोनी में किराए से रहकर बायपास स्थित एक निजी यूनिवर्सिटी से बीटेक कंप्यूटर साइंस तृतीय वर्ष की पढ़ाई कर रहा है. प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी के परिवार की नीमच में कृषि भूमि है, जहां अफीम की वैध खेती का लाइसेंस है. पुलिस इस एंगल पर जांच कर रही है कि जब्त अफीम उसी लाइसेंसी उत्पादन का हिस्सा तो नहीं, जिसे अवैध रूप से इंदौर लाकर खपाने की कोशिश की जा रही थी. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है.

## बॉयपास पर चाकू के साथ युवक धराया, कार भी की जब्त

**इंदौर.** कनाड़िया पुलिस ने बायपास रोड पर एक युवक को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है. आरोपी के कब्जे से चाकू और एक कार जब्त की गई है. थाना प्रभारी सहर्ष यादव ने बताया कि उक्त कार्रवाई रविवार देर रात को टाटा मोटर्स के पास बिचौली मर्दाना ब्रिज, बायपास रोड क्षेत्र में की गई. गिरफ्तार आरोपी मोहम्मद आदिल (19) पिता मोहम्मद आरिफ खान निवासी बगीचा नंबर 61, सिमरोल रोड, खान कॉलोनी, महू (जिला इंदौर) है. पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक चाकू और मारुति सिल्वर रंग की स्विफ्ट डिजायर कार नम्बर एमपी 09 सीटी 1275 जब्त की है. पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है तथा मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है.

# युवती से 6 .20 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी

**इंदौर.** विजय नगर थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है. अज्ञात साइबर ठग ने झांसे में लेकर युवती से 6.20 लाख रुपए की ठगी कर ली. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल ने बताया कि पीड़िता ने शिकायत में बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति ने फर्जी पहचान के साथ उससे संपर्क किया और भरोसे में लेकर बातचीत शुरू की. आरोपी ने योजनाबद्ध तरीके से उसे अपने झांसे में लिया और अलग-अलग बहानों से रकम ट्रांसफर करवाता रहा. युवती ने आरोपी के बताए खातों में किस्तों में कुल 6 लाख 20 हजार रुपए जमा कर दिए. बाद में जब आरोपी से संपर्क टूट गया और उसकी असलियत सामने आई, तब पीड़िता को ठगी का अहसास हुआ. मामले में विजय नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है. पुलिस अब बैंक खातों और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है.